**<u>प्रेस विज्ञप्ति</u>**

# गोविन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय
# <u>पन्तनगर, जिला– ऊधमसिंह नगर (उत्तराखण्ड)</u>

## <u>पन्तनगर विश्वविद्यालय के कुलपति को मिला अतिरिक्त दायित्व</u>

पंतनगर। 15 अप्रैल 2023। महामहिम राज्यपाल, उत्तराखण्ड एवं कुलाधिपति ले.ज. गुरमीत सिंह, पीवीएसएम, यूवाईएसएम, एवीएसएम, वीएसएम (से.नि.) द्वारा डा. मनमोहन सिंह चौहान, कुलपति गोविन्द बल्लभ पन्त कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय, पंतनगर को 15 अप्रैल 2023 की अपराह्न से अग्रेतर छः माह, अग्रिम आदेशों अथवा नियमित कुलपति की नियुक्ति होने तक, जो भी पहले हो, तक के लिए कुलपति, कुमाऊँ विश्वविद्यालय, नैनीताल के पद का अतिरिक्त दायित्व प्रदान किया गया है। कुलपति, कुमाऊँ विश्वविद्यालय, नैनीताल के पद रिक्त होने के फलस्वरूप विश्वविद्यालय के शैक्षणिक एवं अन्य कार्यों के सुचारू संचालन के दृष्टिगत उत्तर प्रदेश राज्य विश्वविद्यालय अधिनियम–1973 (यथाप्रवृत्त उत्तराखण्ड राज्य) की धारा–12(10) में विद्यमान अन्तरिम व्यवस्था के अंतर्गत आज यह दायित्व प्रदान किया गया।



***कुलपति डा. मनमोहन सिंह चौहान।***

**निदेशक संचार**